मनरेगा मेट मजदूरों ने मांगों लेकर सरकार के नाम सौंपा मांगपत्र

मांगें पूरी नहीं हुई तो बीआर अंबेडकर मेट मनरेगा मजदूर समिति करेगी प्रदर्शनः दयाकिशन

⇨ कहा-बीआर अंबेडकर मेट मनरेगा मजदूर समिति मजदूरों के हितों को लेकर संघर्ष करने से भी पीछे नहीं हटेंगे

जगमार्ग न्यूज

भिवानी। मेट मनरेगा मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर बीआर अंबेडकर मेट मनरेगा मजदूर समिति के बैनर तले सोमवार उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा।

इस मौके पर समिति अध्यक्ष दयाकिशन, उपाध्यक्ष बीर सिंह व कमल सिंह तथा महासचिव अशोक ने कहा कि मांगपत्र में उन्होंने मनरेगा मेट व मजदूरों को हरियाणा श्रम बोर्ड से मिले वाले लाभों में शामिल करने, पंचायत, ब्लॉक समिति व जिला परिषद द्वारा करवाने वाले कार्यो को मनरेगा मजदूरों द्वारा करवाए जाने, जिन पंचायतों में मनरेगा मजदूर नहीं है वहां पर काम का अधिकार बीआर अंबेडकर मेट मजदूर समिति को दिए जाने, डी प्लान के तहत जितने भी कार्य है वह समिति के माध्यम से करवाए जाने, पिछले 6-7 वर्षों से मेट का कार्य करने वाले मनरेगा मेट को बिना किसी ठोस कारण ना हटाए जाने, मनरेगा मेट मजदूरों को कौशल रोजगार से जोड़े जाने, मनरेगा मजदूरों को 100 की बजाए 200 दिन का रोजगार दिए जाने, तत्काल प्रभाव से एस्टीमेट अपलोड करवाए जाने, दुर्घटना होने पर मनरेगा मजदूरों को आर्थिक सहायता दिए जाने तथा इस मैस्टरों में हाजिरी सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है।

उन्होंने कहा कि मांगपत्र के माध्यम से प्रदेश सरकार से उपरोक्त मांगें जल्द से जल्द पूरी किए जाने की गुहार लगाई है, ताकि मनरेगा मजदूरों को समस्याओं का सामना ना करना पड़े। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही मेट मनरेगा मजदूरों की मांगें पूरी नहीं हुई तो बीआर अंबेडकर मेट मनरेगा मजदूर समिति मजदूरों के हितों को लेकर संघर्ष करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

इस अवसर पर राजेंद्र, संजय, अशोक, पवन, अनिल, प्रर्मिला, संजय, सुनील, अमरजीत, ऋषि, मनोज भी साथ रहे।

डाक विभाग ने जारी किए राम जन्म भूमि स्मारक टिकट

जगमार्ग न्यूज

भिवानी। अयोध्या में तैयार हो चुके राम मंदिर को लेकर देश भर के रामभक्तों में खासा उत्साह है। इसी उत्साह को और भी खास बनाने के उद्देश्य से अब डाक विभाग ने अयोध्या रामजन्म भूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में स्मारक टिकट जारी किए है। इस बारे में भिवानी डाकघर अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 18 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए बेहद खास स्मारक डाक टिकट जारी किया था। जिसके बाद अब डाक विभाग द्वारा राम जन्म भूमि स्मारक् टिकट जारी किए है। उन्होंने बताया कि इन डाक टिकटों पर रामजन्म भूमि मंदिर, भगवान गणेश, हनुमान, केवट, जटायु व माता अनुसुईया के चित्र प्रकाशित है। उन्होंने बताया कि ये स्मारक टिकट आकर्षक फ्रेम के रूप में है। जिसे घर में सजावट के तौर पर रखने के अलावा अपने परिचित को गिफ्ट के रूप में भी भेंट किए जा सकते है। अधीक्षक संजय वर्मा ने कहा कि ये डाक टिकट विचारों, इतिहास और एतिहासिक

⇨ इतिहास व एतिहासिक अवसरों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है स्मारक टिकट: संजय वर्मा

अवसरों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी होते है। जब कोई डाक टिकट जारी होता है, जब इसे कोई भेजता है तो वह सिर्फ पत्र नहीं भेजता बल्कि पत्र के माध्यम से इतिहास के अंश को दूसरे तक पहुंचा देता है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि इतिहास की किताबों के रूपों और ऐतिहासिक क्षणों का छोटा रूप भी होता है। इनसे युवा पीढ़ी को भी बहुत कुछ जानने और सीखने को मिलता है।

न्यूज डायरी

डॉ. आरएन सिंह 'पूर्वांचल गौरव सम्मान-2024' से हुए अलंकृत

फरीदाबाद, (जगमार्ग न्यूज)। पूर्वांचल फाउंडेशन द्वारा कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में आयोजित होली महोत्सव एवं सम्मान समारोह में यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह को शिक्षा, पर्यावरण एवं समाजिक सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'पूर्वांचल गौरव सम्मान'-2024 से सम्मानित किया गया। डॉ. आर एन सिंह को यह सम्मान पूर्वांचल फाउंडेशन के अध्यक्ष एस के सिंह, दिल्ली पुलिस के सहायक आयुक्त- आर के सिंह, निवर्तमान मुख्य आयुक्त (आयकर)- श्वेताभ सुमन, निवर्तमान अतिरिक्त आयुक्त सीमा शुल्क और सीजीएसटी- बिनोद कुमार सिंह के कर कमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे।

हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा टीम मिशन परिसीमन 2026 ने लोकसभा क्षेत्रों का किया दौरा

रेवाड़ी, (जगमार्ग न्यूज)। हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा टीम मिशन परिसीमन 2026 ने फरीदाबाद, गुड़गांव, भिवानी-महेंद्रगढ़,रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्रों का रविवार को एक सप्ताह का दौरा पूरा किया। सभा के अध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी कुल मतदाता संख्या के दृष्टिगत सर्वे में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में राजपूत मतदाताओं की संख्या 1 लाख 75 हजार, गुड़गांव क्षेत्र में लगभग 2 लाख, भिवानी- महेंद्रगढ़ में 2 लाख 10 हजार, रोहतक में 80 हजार तथा सोनीपत क्षेत्र में 70 हजार का आंकड़ा सामने आया। 2011 की जातिगत जनगणना का हालांकि डाटा सार्वजनिक नहीं किया गया है लेकिन विभिन्न एजेंसियों के जारी किए गए जातिगत अनुमान में हरियाणा में राजपूत आबादी 6 से 8 प्रतिशत बताई गई है। हरियाणा सरकार के परिवार पहचान पत्र डाटा की सार्वजनिक हुई रिपोर्ट में भी राज्य में 51 प्रतिशत अनुसूचित जाति, बीसी और ओबीसी तथा 49 प्रतिशत समान्य वर्ग की आबादी बताई गई है। समान्य वर्ग में जाट, राजपूत, ब्राह्मण, पंजाबी, वैश्य, रोड तथा बिश्नोई जाति शामिल हैं। अल्पसंख्यक आबादी का अलग से डाटा नही दिया गया इसलिए उन्हें भी सामन्य वर्ग में गिनते हैं तो आंकड़ा इस तरह सामने आता है। अल्पसंख्यक 3 प्रतिशत, बिश्नोई और रोड 1 प्रतिशत, वैश्य 5 प्रतिशत, ब्राह्मण 7 प्रतिशत, पंजाबी 8 प्रतिशत, राजपूत 8 प्रतिशत तथा जाट 17 प्रतिशत। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्भाग्य से हरियाणा सरकार तथा मीडिया की कुछ एजेंसियां अपने रिकार्ड और प्रकाशन में राजपूत आबादी का प्रतिशत असलियत से कम जारी कर रही हैं। सभा की टीम जल्दी ही हिसार, सिरसा, करनाल, कुरुक्षेत्र और अंबाला लोकसभा क्षेत्रों का दौरा पूरा करने के बाद चंडीगढ़ में एक बैठक कर सभी तथ्यों की जानकारी सार्वजनिक करेगी। चौहान ने मीडिया में राजपूत आबादी को कम तर दिखाने वाले संस्थानों से इस बारे अपील की है कि भ्रमपूर्ण और गलत जानकारी देने से परहेज करें। उनके साथ दौरा करने वाली टीम में इन लोकसभा क्षेत्रों के सभा द्वारा नियुक्त कॉर्डिनेटरस डा विजय पुंडीर, अशोक तंवर, राजेश रावत एडवोकेट, चरण सिंह चौहान और देवेन्द्र सिंह परमार एडवोकेट शामिल रहे।

लोकतंत्र के महापर्व में सभी अपनी भागीदारी करें सुनिश्चित : परासर

लोहारू, (जगमार्ग न्यूज)। स्थानीय चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को एनएसएस द्वारा संचालित सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। शिविर के समापन के मौके पर नायब तहसीलदार संजय कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत कर मतदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा के आम चुनाव होने वाले हैं। जिसमें सभी को अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए अपने मत का प्रयोग करना है और साथ ही अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। देश के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं। वोट देकर हम अपने अधिकार का उपयोग कर सकते हैं और देश को चलाने के लिए अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी चुनाव महत्वपूर्ण है। ऐसे में अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने जो कुछ सीखने का काम किया है उनको अपने जीवन में लागू करने का प्रयास कर हम एक जिम्मेवार नागरिक बन सकते हैं। शिविर के संयोजक विजय कुमार व डॉ. सीमा ने बताया कि सात दिवसीय शिविर का सत्र बहुत ही सराहनीय रहा जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार चहल प्रोफेसर सुखवीर सिंह, सुजीत कुमार, डॉ. सीमा, मंजू, डॉ. नीलम , डॉ. पूनम, डॉ. राजबाला, सुमन, सोनू, पिंकी,, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. अशोक, अमिताब, डॉ. सुनील, डॉ. दयानंद भाटी, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी ऊंट के मुंह में जीरे के समान : झोरड खाप

हिसार, (जगमार्ग न्यूज)। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल की कीमतों में मामूली 2 रुपए की कटौती पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झोरड़ खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद झोरड़ ने कहा कि पिछले कई वर्षो से लगातार पैट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही थी अब लोकसभा चुनाव को देखकर जो दाम घटाए हैं वोह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। उन्होंने कहा है कि तेल के दाम दो रुपए घटा कर केंद्र सरकार जनता को गुमराह कर रही है। क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें काफी कम है और उसके अनुसार रेट अभी भी काफी ज्यादा है। महंगाई सिर चढ़ कर बोल रही है पर सरकार की तरफ से लोगों को राहत देने की बजाय उनके साथ भद्दा मजाक किया गया है। झोरड़ ने कहा कि उज्जवला योजना के नाम पर लोगों को फ्री में कनैक्शन देकर सरेआम बेवकूफ बनाया और इसके बाद धीरे-धीरे गैस सिलेंडर के दाम 450 से 1150 रुपए कर दिए, जिससे गैस सिलेंडर भरवाना आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गया। उन्होंने कहा कि महंगाई का आलम ये है कि गरीब मजदूर, किसान और छोटे व्यापरियों के लिए दो वक्त की रोटी का जुगा करना भी मुश्किल हो गया है। कुल मिलाकर जनता जहां महंगाई से बुरी तरह त्रस्त है, वहीं सरकार अपने पूंजीपति घरानों को खुश करने में लगी हुई है। देश की जागरूक जनता की चुप्पी इस बात का संकेत है कि वो इस बार तानाशाही सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। झोरड़ ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

आईजीयू के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

रेवाड़ी, (जगमार्ग न्यूज)। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार के नेतृत्व में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दल ने राष्ट्रपति भवन-दरबार हाल, डाइनिंग हॉल, अशोक हॉल, अमृत उद्यान एवं राष्ट्रपति भवन संग्रहालय तथा प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया। विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन के शोधार्थियों से बातचीत की एवं भवन के कार्य प्रणाली इतिहास एवं राजनीतिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। राष्ट्रपति संग्रहालय में भारत के सभी पूर्व राष्ट्रपति के द्वारा लिखित पुस्तकों एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा लिया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने जाना कि पहले वायसराय हाउस के नाम से प्रसिद्ध यह इमारत आजकल राष्ट्रपति भवन के नाम से जानी जाती है। यह भारत के गौरव में चांद लगाती है। प्रधानमंत्री संग्रहालय में विद्यार्थियों ने सरकार प्रमुख पूर्व प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भारत में किए गए सुधार या भारत के अन्य देशों के साथ संबंधों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया जिसमें लाल बहादुर शास्त्री जी की नीतियां, श्रीमती इंदिरा गांधी जी द्वारा पोखरण-एक, गुजराल सिद्धांत, श्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा पोखरण- दो का परीक्षण, नरेंद्र मोदी के समय आत्मनिर्भर होते भारत के दर्शन का अवलोकन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का अच्छा अवसर देते हैं जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तो वह अपने आंखों से प्रत्यक्ष रूप में देखकर किसी भी विषय वस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं। पढ़ने-लिखने और सीखने को आनंदमय बनाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण एक अच्छा प्रयास है। इस भ्रमण में राजनीति विज्ञान विभाग से पवन कुमार, पंकज, अंकित, मनमोहन व 36 विद्यार्थी और हिंदी विभाग से शिक्षिका अभिलेख और 15 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पोलिंग बूथ पर बिजली, पेयजल सहित सभी प्रकार के आवश्यक प्रबंध किए जाएं पूरें: एसडीएम अमित

जगमार्ग न्यूज

लोहारू। लोकसभा के आम चुनाव 2024 को लेकर एसडीएम अमित कुमार ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित न्यायालय कक्ष में बीएलओ सुपरवाइजर व संबंधित अधिकारियों की एक बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि बीएलओ सुपरवाइजर पोलिंग स्टेशनों का दौरा कर उनकी मैपिंग की जाए ताकि वहां की व्यवस्थाओं का पता चल सके। पोलिंग बूथ में बिजली, पानी, दरवाजे, खिड़कियां, रैंप, शौचालय सहित सभी प्रकार के आवश्यक प्रबंध किए जाएं ताकि मतदाता को मतदान करते समय किसी प्रकार के असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने लोकसभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वीप अभियान चलाकर लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के बारे में जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान करें। एसडीएम ने कहा कि चुनाव प्रबंधन, कानून व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, ईवीएम तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य सुचारू ढंग से संपन्न करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी को निर्देश कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख्ती से पालना कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए अनाधिकृत रूप से कहीं भी प्रचार सामग्री न लगी हो। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी आपसी तालमेल के साथ अपना कार्य करें।

कन्या भ्रूण हत्या और लव जेहाद समाज में राक्षसी प्रवृति का सूचक: राकेश आर्य

लोहारू, (जगमार्ग न्यूज)। वर्तमान में दुनिया में एक और मत, पंथ, संप्रदाय तथा मजहब बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर मांसाहार, मदिरापान व धूम्रपान जैसे दुर्व्यसन और कन्या भ्रूण हत्या एवं लव जिहाद जैसे पाप बढ़ रहे हैं। ऐसे में मानवता को बचाने के लिए एक मात्र उपाय है वेद मार्ग अपनाना। यह बात सोमवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय लोहारू के एनएसएस शिविर के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए नशामुक्ति परिषद लोहारू के संस्थापक राकेश आर्य ने कही। उन्होंने कहा कि आज बेटियां गर्भ में भ्रूण हत्या का शिकार हो रही हैं और समाज के अंदर लव जिहाद का शिकार हो रही हैं। यह समाज की गिरावट की पराकाष्ठा का प्रतीक है। राकेश आर्य ने छात्राओं के सामने वेदोक्त सोलह संस्कार और त्रेतवाद सिद्धांत अर्थात प्रकृति, जीवात्मा और परमात्मा के अस्तित्व पर प्रकाश डाला।

बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाते हैं स्कूल: बलजीत कौशिक

मनोज तोमर

फरीदाबाद, (जगमार्ग न्यूज)। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा है कि स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है, जहां बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ संस्कारवान बनाया जाता है। आज के बच्चे कल का भविष्य होते हैं और स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उन्हें देश निर्माण की नींव तैयार की जाती है। बलजीत कौशिक सेक्टर-10 हाऊसिंग बोर्ड में डफोडिल प्ले स्कूल का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कौशिक ने रिबन काटकर स्कूल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल एवं चेयरमैन अंशु मंगला ने बलजीत कौशिक का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। बलजीत कौशिक ने नन्हे-मुन्ने बच्चों से आह्वान किया कि वह स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान की भी जानकारी ले क्योंकि प्रतिस्पर्धा का दौर है और बच्चों का हर क्षेत्र में निपुण होना आवश्यक है। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल एवं चेयरमैन अंशु मंगला ने बताया कि उनके स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान भी दिया जाता है ताकि बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल रहे वहीं सुरक्षा के लिहाज से बेहतर क्लास रूम, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि पहले 50 बच्चों के एडमिशन बिल्कुल निशुल्क किए जाएंगे।

ईशरवाल में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के नए भवन परिसर का उद्घाटन

तोशाम, (जगमार्ग न्यूज)। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ईशरवाल द्वारा सोमवार को अपने नए भवन परिसर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बात और मुख्य अतिथि पहुंचे क्षेत्रीय प्रबंधक पीडी अग्रवाल ने शाखा परिसर का रिबन काटकर उद्घाटन किया।

इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा बैंक द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की ऋण एवं जमा योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर जयवीर बूरा, गांव ईश्रवाल के सरपंच उम्मेद सिंह कादयान, पूर्व सरपंच रामधारी सिंह, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के मुख्य अध्यापक बलवान सिंह, सतपाल सिंह, फूलचंद शर्मा, जगमाल ईशरवाल आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

आईएलआर में हुई शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित

फरीदाबाद, (जगमार्ग न्यूज)। इंस्टिट्यूट ऑफ़ लॉ रिसर्च, जसाना, फरीदाबाद में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं जैसे वाद विवाद, कविता, मेहंदी क्लासिकल डांस, लोक नृत्य, फैंसी ड्रेस, लोक गीत, सितारवादन व गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया गया। छात्र-छात्राओं ने इन सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ. रवि हांडा ने दीप प्रज्वलित करके किया। छात्र विजय को मिस्टर फ्रेशर, गरिमा को मिस फ्रेशर, गजेंद्र को मिस्टर आईएलआर और स्वाति को मिस आईएलआर का अवार्ड दिया गया। इस कायक्रम को चार चांद लगाने में हिंदी विषय की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ संगीता वर्मा ने अहम भूमिका निभाई।

गांव बुशान में आयोजित 100 मीटर दौड़ में रामकिशन शर्मा रहे विजेता

सीमा जोशी

तोशाम, (जगमार्ग न्यूज)। बाबा बीरबल नाथ की याद में महंत पूर्णनाथ नाथ व छोटू नाथ के पावन सानिध्य में गांव बुशान के खेल स्टेडियम में एथलेटिक्स व विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा व अति विशिष्ट अतिथि जयसिंह शर्मा ने मुख्य रूप से शिरकत की तो वहीं समाजसेवी सुरेश लाठर कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे। मेला कमेटी द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इससे पहले समाजसेवी अनिल शर्मा ने गांव बुशान स्थित डेरे में जाकर माथा टेका और पूजा-अर्चना कर महंत पूर्ण नाथ तथा महंत छोटू नाथ का आशीर्वाद लिया। उसके बाद मुख्य अतिथि अनिल शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को ईनाम वितरित किए। प्रतियोगिता में अंडर 10, 12, 14 व 18 आयु वर्ग के लड़के व लड़कियों की 100 मीटर रेस में रशमी, खुशी वर्मा, मीनाक्षी, सीमा, अनमोल व हिमान्स, प्रथम रही। लड़कों की 100 मीटर रेस में अविनाश प्रथम, नितिन द्वितीय तथा गोपाल तृतीय तथा लड़कियों में सोनिका प्रथम स्थान पर रही। वहीं बुढ़ो की 100 मीटर दौड़ में रामकिशन शर्मा प्रथम, जगत सिंह द्वितीय व सादीराम तृतीय स्थान पर रहा। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

अग्रोहा धाम की ओर से करोड़ों रुपए की लागत से अयोध्या व दिल्ली में भवन बनाया जाएगा: बजरंग गर्ग

⇨ अग्रोहा धाम में पूर्णिमा पर 24 मार्च को छप्पन भोग व होली मिलन समारोह पर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, के कलाकारों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा : बजरंग गर्ग

जगमार्ग न्यूज

हिसार। वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई।

इस बैठक में वैश्य समाज के संगठन के विस्तार करने व 24 मार्च का अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य होली मिलन समारोह की तैयारियों पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि 24 मार्च को अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर छप्पन भोग, होली मिलन समारोह पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा होगा। जिसमें हरियाणा, राजस्थान व पंजाब के कलाकार भाग लेंगे। गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम ईकाई का राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर विस्तार किया जा रहा है। अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से अयोध्या व दिल्ली में भव्य भवन बनाया जा रहा है। इसी प्रकार देशभर में हर तीर्थ स्थलों पर अग्रोहा धाम के अग्रवाल भवन बनाएं जाएंगे। महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर हिसार में तोरण द्वार बनाया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम की ईकाई देश, प्रदेश व अग्रोहा के विकास में लगा हुआ है। अग्रोहा के विकास के लिए वैश्य समाज द्वारा भव्य अग्रोहा धाम व महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ अनेकों संस्थाओं को बनाया गया है जबकि सरकार की तरफ से अनेकों बार घोषणा करने के बावजूद भी अग्रोहा को रेलवे लाइन से नहीं जोड़ा गया है। यहां तक की अग्रोहा में तीन साल से बस अड्डा बना हुआ है, जिसका उद्घाटन भी सरकार ने कर दिया। उसके बावजूद भी अग्रोहा का बस अड्डा चालू नहीं किया गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की तरफ से अग्रोहा में कोई मूलभूत सुविधा तक नहीं है। अग्रोहा की सड़कें टूटी पड़ी है और ना ही सीवरेज लाइन की व्यवस्था है। बरसाती नाले सारे बंद पड़े हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी थी और धर्म नगरी है। सरकार ने अग्रोहा में टैक्सटाइल हब बनाने की बात कही थी।

चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए सी-विजिल एप जारी: उपायुक्त

⇨ लघु सचिवालय में इलेक्शन कंट्रोल रूम स्थापित

जगमार्ग न्यूज

नारनौल। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय रिटर्निंग आफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी राजनीतिक दल आचार संहिता का ख्याल रखें। ऐसा न करने की सूरत में चुनाव आयोग कार्रवाई करेगा। वे आज लघु सचिवालय में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रही थी। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग की तरफ से इस बार संसदीय क्षेत्र में एक उम्मीदवार को 95 लाख रुपए तक का खर्च करने की सीमा निर्धारित की गई है। इस खर्च का लेखा-जोखा सभी उम्मीदवारों को अपने खाते में रखना होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान वाहनों की इजाजत के लिए जीएम रोडवेज के सामने आवेदन करना है। वहीं लाउडस्पीकर तथा बैठक या रैली से संबंधित परमिशन संबंधित एसडीएम देगा। उन्होंने बताया कि पोस्टर आदि लगाने की इजाजत शहरी क्षेत्र में डीएमसी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित बीडीपीओ देंगे। उपायुक्त ने बताया कि कोई भी उम्मीदवार किसी जाति या धर्म के नाम से वोट नहीं मांगेगा। चुनाव आयोग की ओर से चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए सी-विजिल एप जारी किया गया है। सी-विजिल नागरिकों को चुनाव के दौरान रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, अनुमति समय से अधिक देर तक लाउडस्पीकर बजाने जैसे आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट करने का अधिकार देता है।

कार्यक्रम तेरापंथ महिला मंडल ने कार्यक्रम में दिखाई महिला सशक्तीकरण की बानगी

तेरापंथ महिला मंडल ने प्रस्तुत किए महिला सशक्तीकरण के विविध आयाम

⇨ समाजसेवी पंकज संधीर ने महिलाओं को सशक्त बनने का किया आह्वान

महेंद्र गोयल

हिसार, (जगमार्ग न्यूज)। तेरापंथ महिला मंडल द्वारा मॉडल टाउन स्थित तेरापंथ भवन में शासनश्री साध्वी श्री यशोधरा जी के सान्निध्य में महिला सशक्तीकरण पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक व समाजसेवी पंकज संधीर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वी श्री जी के मुखारविंद के द्वारा नमस्कार महामंत्र से किया गया। महिला मंडल की बहनों ने प्रेरणा गीत के माध्यम से मंगलाचरण किया। महिला मंडल की अध्यक्ष जयश्री ने मुख्य अतिथि पंकज संधीर और महिला मंडल का स्वागत किया। इस दौरान पंकज संधीर ने कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में सशक्तीकरण के नए आयाम स्थापित किए हैं।

इस अवसर पर साध्वी श्रीसोमयशा जी ने कहा किनारी लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा व मां काली का रूप है। धरती से आकाश तक नारी ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। साध्वी ऋजुयशा जी ने काव्य शैली के माध्यम से अपनी मधुर वाणी के द्वारा महिला सशक्तीकरण को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे से भिन्न नहीं हैं बल्कि एक-दूसरे का आधार है। साध्वी चिराग प्रभा जी ने कहा कि हमें जीवन में हमेशा उन्नति का प्रयास करना चाहिए। महिला सशक्तीकण कार्यक्रम में महिला मंडल की बहनों के द्वारा नाटिका का मंचन किया गया जिसमें देश की प्रबुद्ध नारियों के संयम, सेवा, पौरुष, प्रतिभा और अपने साहस के द्वारा बुलंदियां छूने तक के सफर को दर्शाया गया। नाटकीय मंचन में कन्या मंडल की मीनाक्षी जैन का सहयोग रहा। मंजू ने नारी सशक्तीकरण के संबंध में अपने विचार रखे। शासनश्री साध्वीश्री यशोधरा जी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में बताया कि घूंघट में रहने वाली, विधवा होकर एक कोने में बैठकर जीवन-यापन करने वाली नारियों के लिए आचार्य तुलसी जी ने अपने प्रयास के द्वारा नारी को ऐसी कुरीतियों से मुक्त करवाकर जीने की नई राह दिखाई। उन्होंने कहा कि सशक्तीकरण का अभिप्राय अपने बल, जज्बे और स्वयं की शक्ति को जगाकर आगे बढ़ना है और समाज व धर्म संघ की सेवा करना सशक्तीकरण है। इस अवसर पर 2024 के प्रेरणा सम्मान से सुमन जैन को सम्मानित किया गया। सुमन का परिचय विजय जैन ने द